

# 8 साल बाद अनुष्का का बड़ा धमाका

## साउथ फिल्म से वापसी!

अनुष्का शर्मा आखिरी बार साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म 'जीरो' में नजर आई थीं. इसके बाद उन्होंने फिल्मों से दूरी बना ली और अपनी पर्सनल लाइफ पर ध्यान दिया. भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली से शादी और फिर मां बनने के बाद अनुष्का ने अपने परिवार को प्राथमिकता दी. इस दौरान उनके फैंस लगातार उनके कमबैक का इंतजार करते रहे.

बीच में खबर आई थी कि वह भारतीय महिला क्रिकेटर झूलन गोस्वामी की बायोपिक 'चकदा एक्सप्रेस' से वापसी करेंगी. फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो चुकी थी, लेकिन लंबे समय से यह प्रोजेक्ट अटका हुआ है और इसकी रिलीज को लेकर अब तक कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है. ऐसे में फैंस की उम्मीदें फिर से अधूरी रह गईं. अब एक नई रिपोर्ट ने उनके कमबैक को लेकर उत्साह बढ़ा दिया है. बताया जा रहा है कि साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म 22x6 के लिए अनुष्का शर्मा से बातचीत चल रही है. इस फिल्म का निर्देशन जाने-माने डायरेक्टर एटली कर रहे हैं, जो अपने बड़े बजट और दमदार फिल्मों के लिए जाने जाते हैं.

फिल्म में दीपिका पादुकोण की मौजूदगी पहले ही इसे हाई-प्रोफाइल बना चुकी है. अगर अनुष्का शर्मा भी इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनती हैं, तो यह फिल्म और भी ज्यादा खास हो जाएगी. दिलचस्प बात यह होगी कि एक ही फिल्म में दो बड़ी एक्ट्रेसेस का आमना-सामना देखने को मिल सकता है.

हालांकि, अभी तक अनुष्का शर्मा की ओर से इस प्रोजेक्ट को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है. लेकिन जिस तरह से यह खबर सामने आई है, उसने फैंस की उम्मीदों को जरूर बढ़ा दिया है.

# रणवीर की 'धुरंधर 2' का बॉक्स ऑफिस धमाका

## 3 दिन में 339 करोड़ की कमाई की

बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर: द रिवेंज' बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है. रिलीज के साथ ही इस फिल्म ने कमाई के नए रिकॉर्ड बनाने शुरू कर दिए हैं और महज कुछ ही दिनों में 300 करोड़ क्लब में एंट्री कर ली है.

आदित्य धर के निर्देशन में बनी यह फिल्म सुपरहिट 'धुरंधर' की सीक्वल है, जिसका दर्शकों को लंबे समय से इंतजार था. फिल्म में रणवीर सिंह के साथ आर माधवन, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त, राकेश बेदी और सारा अर्जुन भी अहम भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं.

फिल्म को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है, जिसका असर इसकी कमाई पर साफ नजर आ रहा है. ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क के आंकड़ों के अनुसार, फिल्म ने पेड प्रीव्यू के दौरान ही 18 मार्च को 43 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया था.

इसके बाद रिलीज के पहले दिन फिल्म ने 102.55 करोड़ रुपये की शानदार ओपनिंग दी. दूसरे दिन भी फिल्म की रफ्तार बनी रही और इसने 80.72 करोड़ रुपये का कारोबार किया. वहीं तीसरे दिन फिल्म की कमाई में फिर उछाल आया और इसने 113 करोड़ रुपये बटोर लिए.

इसी के साथ 'धुरंधर: द रिवेंज' का कुल कलेक्शन भारतीय बाजार में 339.27 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है. फिल्म की इस जबरदस्त कमाई ने इसे साल की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में शामिल कर दिया है.

फिल्म की कहानी, दमदार एक्शन और स्टारकास्ट की परफॉर्मेंस को दर्शकों से खूब सराहना मिल रही है. माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में भी फिल्म की कमाई का सिलसिला इसी तरह जारी रह सकता है.





# तब्बू से जुड़ा बाबिल का ईद गिफ्ट

अभिनेता बाबिल खान ने ईद के मौके पर अपने फैंस के साथ एक बेहद खास और दिल छू लेने वाला पल साझा किया, जब उन्होंने सोशल मीडिया पर तब्बू से मिले एक स्पेशल गिफ्ट की झलक दिखाई.

बाबिल सोशल मीडिया पर तब्बू द्वारा गिफ्ट किए गए कुर्ते में नजर आए. तब्बू, उनके दिवंगत पिता इरफान खान की करीबी सहयोगियों में से एक रही हैं. यह गिफ्ट सिर्फ त्योहार की खुशी ही नहीं, बल्कि उन रिश्तों की गहराई को भी दर्शाता है जो बाबिल अपने पिता से जुड़े लोगों के साथ आज भी साझा करते हैं.

तब्बू और इरफान खान की लंबे समय से चली आ रही दोस्ती और आपसी सम्मान ने उन्हें ऑन-स्क्रीन एक आइकॉनिक जोड़ी बनाया. यही रिश्ता अब बाबिल के साथ एक पारिवारिक जुड़ाव में बदल चुका है. यह खास ईद गिफ्ट उस रिश्ते की खूबसूरत याद दिलाता है, जिसमें अपनापन और पुरानी यादों की मिठास साफ झलकती है.

## टेलीविजन हलचल

### रोहिताश्व गौड़ ने दिया बड़ा हिंट !



रोहिताश्व गौड़ ने एण्डटीवी के लोकप्रिय कॉमेडी शो 'भाबीजी घर पर हैं 2.0' में मनमोहन तिवारी के रूप में अपनी बेमिसाल हास्य प्रतिभा से दर्शकों का मनोरंजन करना जारी रखा है. पिछले एक दशक से भी अधिक समय से, उन्होंने मनमोहन तिवारी की हास्यप्रद हताशा, चुटीले वन-लाइनर्स और कानपुर के पड़ोसियों के साथ अपनी शानदार केमिस्ट्री से दर्शकों का दिल जीता है. इस किरदार को 11 साल तक निभाने के बाद, रोहिताश्व गौड़ ने मनमोहन तिवारी को भारतीय टेलीविजन के सबसे पसंदीदा और पहचाने जाने वाले किरदारों में से एक बना दिया है. परिचित चेहरों की वापसी और मनोरंजक कहानियों की एक नई लहर के साथ, वह वादा करते हैं कि दर्शक अब और भी अधिक हंसी, अप्रत्याशित मोड़ और क्लासिक तिवारी-शैली के ड्रामे की उम्मीद कर सकते हैं. इस किरदार के साथ अपने लंबे सफर, कलाकारों की टोली के जादू और शो को सदाबहार बनाए रखने वाले कारकों के बारे में खुलकर बात करते हुए, रोहिताश्व गौड़ ने साझा किया कि क्यों मनमोहन तिवारी की दुनिया आज भी पुरानी यादों और उत्साह से भरी महसूस होती है. तिवारी जी के साथ लगभग 11 शानदार साल बीत चुके हैं, और यह सफर अपने आप में बहुत खास लगता है. इतने लंबे समय तक एक किरदार निभाने का मतलब है कि आप उसके साथ बड़े होते हैं, कई तरीकों से. तिवारी जी विरोधाभासों से भरे हुए हैं- महत्वाकांक्षी लेकिन असुरक्षित, आत्मविश्वासी लेकिन हमेशा निराश. यही चीज उन्हें निभाने में इतना मजेदार बनाती है.

### रिश्ते सम्मान से बनते हैं, लेन-देन से नहीं : शुभांगी लाटकर



टीवी का लोकप्रिय शो 'गंगा माई की बेटियां', जिसमें शीज़ान खान (सिद्ध) और अमनदीप सिद्धू (स्नेहा) लीड रोल में नजर आ रहे हैं, हमेशा से ही समाज के अहम मुद्दों को सामने लाता रहा है. कभी बेटे की चाहत जैसी सोच पर सवाल उठाता है, तो कभी यह दिखाता है कि लड़की होने की वजह से महिलाओं को किन मुश्किलों का सामना करना पड़ता है. अपनी दमदार कहानी के जरिए यह शो लगातार दर्शकों से जुड़ रहा है. हाल ही में चल रहे ट्रैक में 'गंगा माई की बेटियां' दहेज जैसे गहरे मुद्दे को सामने ला रहा है. कहानी में एक अहम मोड़ तब आता है, जब गंगा माई (शुभांगी लाटकर) को सहाना (सृष्टि जैन) की सास की भारी मांग को पूरा करने के लिए अपना घर गिरवी रखना पड़ता है. एक्टर शुभांगी लाटकर का कहना है कि दहेज आज भी एक बड़ा सामाजिक मुद्दा है और ऐसे हालात को निभाना एक्टर के लिए भी आसान नहीं होता. 'गंगा माई की बेटियां' में गंगा माई का किरदार निभा रहीं शुभांगी लाटकर कहती हैं, 'एक एक्टर के तौर पर मैं उनकी बेबसी के साथ-साथ उनके अंदर की ताकत को भी सच्चाई से दिखाने की कोशिश करती हूं. यह हमें याद दिलाता है कि ऐसे सामाजिक दबाव कितने गहरे तक जुड़े होते हैं. लेकिन उनकी कहानी हिम्मत और बदलाव की उम्मीद भी

# अक्षय-राजपाल का 'भूत बंगला' धमाल



शो 'नागिन' के सेट पर अक्षय कुमार और राजपाल यादव की स्पेशल एंट्री ने तहलका मचा दिया.

बहुप्रतीक्षित फिल्म 'भूत बंगला' को लेकर एक्साइटमेंट लगातार बढ़ती जा रही है. फिल्म के गाने और टीज़र ने वाकई दर्शकों को इस मस्ती भरी फैमिली एंटरटेनर के बारे में और जानने के लिए उत्साहित रखा है. इसी हलचल के बीच, अक्षय कुमार और राजपाल यादव शो 'नागिन' के सेट पर पहुंचे.

अक्षय कुमार और राजपाल यादव ने 'नागिन' में एक स्पेशल अपीयरेंस दी. चल रहे एपिसोड में, अक्षय ने नागिन का मार्गदर्शन करने के लिए एक 'महा नाग' की भूमिका निभाई. नागिन की टीम की तरफ से दोनों कलाकारों का भव्य स्वागत किया गया, जो देखने में वाकई एक बेहद खास पल था.

'भूत बंगला' के साथ अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की सुपरहिट जोड़ी वापस लौट रही है.इस जोड़ी ने पहले भी कई ऐसी यादगार कॉमेडी फिल्में दी हैं जो आज भी सबकी फेवरेट हैं, इसीलिए इस बार दर्शकों का उत्साह सातवें आसमान पर है.

बालाजी मोशन पिक्चर्स (बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड का एक हिस्सा) और केप ऑफ गुड फिल्म्स की पेशकश 'भूत बंगला' में अक्षय कुमार, वामिका गब्बी, परेश रावल, तबू और राजपाल यादव जैसे शानदार कलाकार नज़र आएंगे. इस फिल्म का निर्देशन प्रियदर्शन ने किया है और इसके प्रोड्यूसर्स अक्षय कुमार, शोभा कपूर और एकता आर कपूर हैं. यह फिल्म 10 अप्रैल, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है.

# बोमन का खुशियों भरा नवरोज़ जश्न

बॉलीवुड के जानेमाने चरित्र अभिनेता बोमन ईरानी ने नवरोज सेलिब्रेशन की एक झलक शेयर की, जो अब सोशल मीडिया पर सबका दिल जीत रही है.



वीडियो में बोमन अपने वही प्यारे अंदाज़ में सबको ग्रीट करते दिखते हैं 'स्माइल करो. नवरोज़ मुबारक सबको. ' बस यहीं से पूरा माहौल खुशियों और पॉज़िटिव वाइब्स से भर जाता है.

अपने खास स्टाइल में बोमन शीशे में देखकर खुद भी मुस्कुराते हैं और सबको भी मुस्कुराने की याद दिलाते हैं.इतना सिंपल, इतना रियल, कि हर कोई इससे कनेक्ट कर जाए. सेलिब्रेशन में ट्रेडिशन का भी पूरा तड़का है.मिठाइयाँ, ड्राय फ्रूट्स और खजूर जैसे ट्रीट्स नवरोज़ का पूरा फील दे रहे हैं.

बोमन ने बताया कि नवरोज़ सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि नई शुरुआत, पॉज़िटिविटी और साथ होने की खुशी का नाम है.

## यंग इंडिया



# महिला उम्मीदवारों के लिए बड़ा मौका

## कुल 61,601 पदों पर निकली भर्ती

यूपी आंगनवाड़ी भर्ती 2026 को लेकर एक बड़ी अपडेट सामने आई है, जिसमें कुल 61,601 पदों पर भर्ती निकाली गई है. यह भर्ती उत्तर प्रदेश सरकार के जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा जारी की गई है. आवेदन प्रक्रिया नवंबर 2025 से शुरू हो चुकी है और इसकी अंतिम तिथि जिला अनुसार अलग-अलग निर्धारित की गई है, जो फरवरी और मार्च 2026 तक चल रही है. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने जिले की अंतिम तिथि अवश्य जांच लें और समय रहते आवेदन पूरा करें.

इस भर्ती के लिए न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष और अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष रखी गई है, जिसकी गणना 1 जुलाई 2025 के आधार पर की जाएगी. हालांकि, आरक्षित वर्गों के उम्मीदवारों को सरकारी नियमों के अनुसार आयु में छूट भी दी जाएगी. आवेदन शुल्क की जानकारी आधिकारिक नोटिफिकेशन में उपलब्ध है.

पदों की बात करें तो विभिन्न जिलों में वर्कर और हेल्पर दोनों प्रकार की वैकेंसी निकाली गई हैं. जैसे बहराइच में 214 वर्कर पद, मिर्जापुर में 159 पद, लखनऊ में 71 पद और गोरखपुर में 15 पद शामिल हैं. वहीं हेल्पर पदों में कई जिलों में बड़ी संख्या में भर्तियां हैं, जैसे सीतापुर में 1408, लखीमपुर खीरी में 1407 और आजमगढ़ में 1554 पद. इससे साफ है कि यह भर्ती प्रदेश की सबसे बड़ी भर्तियों में से एक है.

शैक्षणिक योग्यता के रूप में उम्मीदवार का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं पास होना अनिवार्य है. खास बात यह है कि यह भर्ती केवल महिला उम्मीदवारों के लिए है. साथ ही, उम्मीदवार को उसी गांव, वार्ड या न्याय पंचायत का निवासी होना जरूरी है जहां से वह आवेदन कर रही है.

चयन प्रक्रिया पूरी तरह मेरिट लिस्ट के आधार पर होगी, यानी कोई लिखित परीक्षा नहीं होगी. उम्मीदवारों का चयन उनकी शैक्षणिक योग्यता के अंकों के आधार पर किया जाएगा. इसलिए अच्छे अंक वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता मिलने की संभावना अधिक है.

# इंटरव्यू में कैसे करें खुद को प्रस्तुत



आज के प्रतिस्पर्धी दौर में केवल लिखित परीक्षा पास करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि साक्षात्कार यानी इंटरव्यू में अच्छा प्रदर्शन करना भी उतना ही जरूरी हो गया है. कई बार योग्य उम्मीदवार केवल अपनी प्रस्तुति और आत्मविश्वास की कमी के कारण पीछे रह जाते हैं. ऐसे में युवाओं को इंटरव्यू के लिए सही तैयारी के साथ-साथ अपने व्यक्तित्व और लुक पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए.

सबसे पहले बात करें पहनावे की, तो उम्मीदवार को साफ-सुथरे और सादे कपड़े पहनने चाहिए. पुरुष उम्मीदवार हल्के रंग की शर्ट और गहरे रंग की पैंट पहन सकते हैं, साथ में साफ जूते होना जरूरी है. वहीं महिला उम्मीदवार सादे सूट या साड़ी में भी प्रोफेशनल लुक रख सकती हैं. बहुत ज्यादा चमक-दमक या फैशन वाला पहनावा इंटरव्यू में अच्छा प्रभाव नहीं डालता. कपड़े प्रेस किए हुए हों और बाल व्यवस्थित हों, यह छोटी-छोटी बातें भी बड़ा असर डालती हैं.

इंटरव्यू के दौरान बॉडी लैंग्वेज यानी शारीरिक हाव-भाव का भी बहुत महत्व होता है. उम्मीदवार को सीधा बैठना चाहिए, आंखों में आत्मविश्वास होना चाहिए और बात करते समय हल्की मुस्कान बनाए रखना चाहिए. बहुत ज्यादा हाथ-पैर हिलाना या घबराहट दिखाना नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है. इंटरव्यू लेने वाले से नजर मिलाकर बात करना आत्मविश्वास को दर्शाता है.

तैयारी के लिहाज से उम्मीदवार को अपने विषय, सामान्य ज्ञान और जिस पद के लिए आवेदन किया है उससे जुड़े सवालों की अच्छी समझ होनी चाहिए. साथ ही अपने बारे में पूछे जाने वाले सामान्य प्रश्न जैसे 'अपने बारे में बताइए' या 'आप इस नौकरी के लिए क्यों उपयुक्त हैं' का अभ्यास पहले से कर लेना चाहिए. इससे इंटरव्यू के समय घबराहट कम होती है.

समय का पालन भी बेहद जरूरी है. इंटरव्यू स्थल पर निर्धारित समय से पहले पहुंचना चाहिए, ताकि किसी प्रकार की जल्दबाजी या तनाव से बचा जा सके. साथ ही सभी जरूरी दस्तावेज जैसे प्रमाण पत्र, पहचान पत्र आदि व्यवस्थित फाइल में रखें.

अंत में सबसे महत्वपूर्ण है आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच. उम्मीदवार को खुद पर भरोसा रखना चाहिए और बिना घबराए हर सवाल का जवाब देने की कोशिश करनी चाहिए. अगर किसी सवाल का जवाब न भी पता हो तो विनम्रता से स्वीकार करना बेहतर होता है.

कुल मिलाकर, सही तैयारी, सादगी भरा लुक और आत्मविश्वास से भरा व्यवहार ही इंटरव्यू में सफलता की कुंजी है.

# बीपीएससी सिविल जज भर्ती 2026




बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा 33वीं न्यायिक सेवा प्रतियोगी परीक्षा 2026 के तहत सिविल जज पदों पर भर्ती की अधिसूचना जारी की गई है. इस भर्ती के माध्यम से कुल 173 पदों को भरा जाएगा, जो विधि क्षेत्र में करियर बनाने वाले युवाओं के लिए एक बड़ा अवसर है. आवेदन प्रक्रिया 25 फरवरी 2026 से शुरू हो चुकी है और अभ्यर्थी 30 अप्रैल 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि से पहले सभी औपचारिकताएं पूरी कर लें.

इस भर्ती के लिए आयु सीमा भी निर्धारित की गई है. न्यूनतम आयु 22 वर्ष रखी गई है, जबकि पुरुष अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम आयु 35 वर्ष और महिला अभ्यर्थियों के लिए 40 वर्ष निर्धारित की गई है. आयु की गणना 1 अगस्त 2026 के आधार पर की जाएगी. आरक्षित वर्गों को सरकारी नियमों के अनुसार अतिरिक्त छूट दी जाएगी.

पदों का वर्गवार विवरण भी जारी किया गया है, जिसमें सामान्य वर्ग के लिए 69 पद, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 17 पद, अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए 36 पद, पिछड़ा वर्ग के लिए 21 पद, अनुसूचित जाति के लिए 28 पद और अनुसूचित जनजाति के लिए 2 पद निर्धारित किए गए हैं. इस प्रकार विभिन्न वर्गों के उम्मीदवारों को अवसर प्रदान किया गया है.

शैक्षणिक योग्यता के रूप में उम्मीदवार का किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विधि स्नातक यानी एलएलबी डिग्री होना अनिवार्य है, साथ ही संबंधित क्षेत्र में अनुभव भी आवश्यक बताया गया है. यह भर्ती विशेष रूप से उन अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण है जो न्यायिक सेवा में अपना भविष्य बनाना चाहते हैं.

चयन प्रक्रिया प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से पूरी की जाएगी, जिसमें प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार शामिल हो सकते हैं. परीक्षा की तिथि आयोग द्वारा बाद में घोषित की जाएगी और प्रवेश पत्र परीक्षा से पहले जारी किया जाएगा.आवेदन शुल्क सभी वर्गों के लिए 100 रुपये निर्धारित किया गया है, जिसे ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से जमा किया जा सकता है.

# दिल्ली में रेडियोग्राफर सहित कई पदों पर भर्ती

दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड (डीएसएसएसबी) द्वारा वर्ष 2026 के लिए विभिन्न पदों पर भर्ती की अधिसूचना जारी की गई है, जिसमें कुल 216 पदों पर नियुक्ति की जाएगी. यह भर्ती रेडियोग्राफर, सहायक प्रबंधक, पटवारी सहित कई अन्य पदों के लिए निकाली गई है. आवेदन प्रक्रिया 27 फरवरी 2026 से शुरू हो चुकी है और अभ्यर्थी 28 मार्च 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. इस भर्ती के लिए न्यूनतम आयु सीमा 18 से 21 वर्ष निर्धारित की गई है, जबकि अधिकतम आयु सीमा पद के अनुसार 27 से 32 वर्ष तक रखी गई है. आयु की गणना 28 मार्च 2026 के आधार पर की जाएगी और आरक्षित वर्गों को सरकारी नियमों के अनुसार छूट प्रदान की जाएगी. आवेदन शुल्क सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 100 रुपये निर्धारित है, जबकि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, दिव्यांग और सभी महिला अभ्यर्थियों के लिए आवेदन निशुल्क रखा गया है.

पदों का विवरण देखें तो रेडियोग्राफर के 96 पद सबसे अधिक हैं. इसके अलावा मीटर एवं रिले परीक्षक ग्रेड-दो के 34 पद, ऑप्टोमेट्रिस्ट के 15 पद, पटवारी के 15 पद और विभिन्न सहायक प्रबंधक के पद भी शामिल हैं. अन्य पदों में रिपोर्टर, स्टेनोग्राफर, कनिष्ठ विधि अधिकारी, रासायनिक सहायक और प्रयोगशाला सहायक जैसे पद भी सम्मिलित हैं.

शैक्षणिक योग्यता पद के अनुसार अलग-अलग निर्धारित की गई है. कुछ पदों के लिए बारहवीं विज्ञान, कुछ के लिए स्नातक, तो कुछ के लिए परास्नातक या विशेष डिप्लोमा की आवश्यकता है. तकनीकी पदों के लिए संबंधित क्षेत्र में डिग्री या